राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

सी–7–ए, सुल्तान हाउस, सवाई जयसिंह हाईवे, बनिपार्क, जयपुर–302016
फोन नम्बर 0141–4004914 **Website:-** www.rajasthanparamedicalcouncil.org

क्रमांकः– प. 13 ( )/काउ.(सत्र 2020–21)/रा.पै.मेडि.कौं/2022/05 **दिनांकः–** 17/1/22

–::सार्वजनिक सूचना::–

विषय : प्रवेश सत्र 2020–21 में विभिन्न पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर से मान्यता प्राप्त राजकीय व निजी महाविद्यालय/संस्थानों में रिक्त रही सीटों पर प्रवेश के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय के पूर्व पत्र क्रमांक प. 13( )/काउ.(सत्र 2020–21)/रा.पै.मेडि.कौं/2021/167 दिनांक 31.12.2021 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सर्वसाधारण व समस्त प्रधानाचार्य संबंद्ध पैरामेडिकल महाविद्यालय/संस्थानों को सूचित किया जाता है कि राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल द्वारा प्रशिक्षण सत्र 2020–21 में विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में पैरामेडिकल कौंसिल से मान्यता प्राप्त राजकीय व निजी महाविद्यालयों/संस्थानों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों ने आवेदन पत्र भरे गये थे और संस्थानों द्वारा इनकी वरीयता सूची ऑन–लाईन भेजी गई है, किन्तु उक्त अभ्यर्थियों की निर्धारित राशि अभी तक अप्राप्त है।

अतः प्रवेश योग्य समस्त अभ्यर्थी नियमानुसार आवेदन शुल्क 1500/– (अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों से 1000/– रूपये) तथा 10,000/– रूपये अग्रिम प्रशिक्षण शुल्क अभ्यर्थी अपनी SSO ID से इसका भुगतान राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल के खाते में दिनांक 19.01.2022 को सांय 06.00 बजे तक ऑन लाईन किया जाना सुनिश्चित करें। विस्तृत कार्यक्रम निम्नानुसार हैः–

क्र.सं.	विवरण	दिनांक
1	अग्रिम प्रशिक्षण शुल्क राशि 10,000/– रूपये तथा आवेदन शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथि 19.01.2022 को सांय 06.00 बजे तक। (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी 11000/– रूपये तथा अन्य वर्ग के अभ्यर्थी 11500/– रूपये)	17.01.2022 से 19.01.2022 सांय 06.00 बजे तक
2	कौंसिल की जांच/काउन्सलिंग के उपरान्त वरीयतानुसार योग्य चयनित अभ्यर्थियों के प्रोविजनल आवंटन पत्र डाउनलोड/जारी करने की तिथि।	21.01.2022
3	महाविद्यालय/संस्थान में उपस्थिति प्रस्तुत करने की तिथि।	21.01.2022 से 27.01.2022 तक

नोटः– यदि अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक उक्त राशि जमा नहीं कराते है तो उनको काउन्सलिंग प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जायेगा।

(कैलाश नारायण मीना)
आर.ए.एस.
रजिस्ट्रार

क्रमांकः– प. 13 ( )/काउ.(सत्र 2020–21)/रा.पै.मेडि.कौं/2021/05 **दिनांकः–** 17/1/22

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित हैः–

1. अध्यक्ष, राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर।
2. श्रीमान् निदेशक (तकनीकी), राजकोम्प (R.I.S.L.), जयपुर को भेजकर लेख है कि उपरोक्त कार्य हेतु आवश्यक कार्यवाही करावें।
3. समस्त प्रधानाचार्य संबंद्ध पैरामेडिकल महाविद्यालय/संस्थानों को सूचनार्थ।
4. सत्र 2020–21 में पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रशिक्षण हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचनार्थ।
5. सर्वररूम प्रभारी, राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर को भेजकर लेख है कि आज ही वैबसाईट पर अपलोड करावें।
6. रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार